वर्ष-15, अंक-52
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, बुधवार, 29 मई 2024

## पुलिस के हत्थे चढ़े लोडेड देशी कट्टा के साथ दो आरोपी

### सदर डीएसपी राम कृष्णा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** सीतामढ़ी, पुलिस ने करवाई करते हुए दो अपराधी को लोडेड देशी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार, अपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही चढ़े पुलिस के हत्थे, बैरगनिया थाना क्षेत्र के जोरियाही बांध के समीप से हुई गिरफ्तारी, सदर डीएसपी राम कृष्णा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी !

### लालू यादव का बड़ा दावा-

## मोदी गए अब, 4 जून को हमारी सरकार बनेगी



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
आखिरी फेज के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को देश की जनता ने नकार दिया है. 4 जून को नतीजे इंडिया गठबंधन के पक्ष में आएंगे. पटना में पत्रकारों से बात करते हुए लालू ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा, मोदी गए अब. आरजेडी अध्यक्ष ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि रिजल्ट के बाद पता चल जाएगा कि देश की जनता किसके साथ है. उन्होंने कहा कि छह चरणों के परिणाम के बाद स्पष्ट है कि 4 जून को नतीजे इंडिया गठबंधन के पक्ष में आएंगे और हमलोग नई सरकार बनाएंगे. लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा, नरेंद्र मोदी कहते हैं कि वह पैदा नहीं हुए हैं. वह तो अवतार हैं, ऊपर से आए हैं. 4 जून को पता चल जाएगा कि वह क्या हैं.मंगलवार को लालू यादव ने अपनी बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से आरजेडी उम्मीदवार मीसा भारती के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों के बीच जाकर उनके लिए वोट मांगा. इस सीट से मीसा के सामने बीजेपी ने तीसरी बार रामकृपाल यादव को उतारा है. वह 2014 और 2019 में भी इस सीट से जीत चुके हैं. हालांकि समीकरणों के लिहाजा से मुकाबला कड़ा माना जा रहा है.

## बिहार है भारत की सोने की चिड़िया! तिजोरी नहीं यहां छिपा गोल्ड

### देश में सबसे ज्यादा, 222 लाख टन सोने का भंडार



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ बिहार**, भारत की सोने की चिड़िया है. ये बात थोड़ी अटपटी जरूर लग सकती है लेकिन सच है. ये सोना ना तो तिजोरियों में है, ना बैंक लॉकर में है, ना बिहार वासियों के पास इतने गहने हैं कि इस बात का दावा किया जा सके. तो फिर सवाल उठता है कि आखिर बिहार को सोने की चिड़िया क्यों कहा गया. दरअसल बिहार में बहुत-सा सोना दबा हुआ है जिसे बस निकालने भर की देरी है. अगर ये सोना निकला तो बिहार में मानो बहार आ जाएगी. दरअसल गोल्ड रिजर्व के मामले में बिहार, देश में पहले पायदान पर है. बिहार के जमुई जिले के सोनो प्रखंड इलाके के करमटिया में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के बाद देश का सबसे बड़ा सोने सोने का भंडार होने की बात सामने आई थी. ज्यूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वेक्षण के अनुसार, जमुई जिले में 37.6 टन खनिज युक्त अयस्क समेत लगभग 222.88 मिलियन टन सोने का भंडार है. खास बात है कि बिहार में 222.885 मिलियन टन स्वर्ण धातु है जो देश के कुल गोल्ड रिजर्व का लगभग 44 फीसदी है.द हिन्दू की एक रिपोर्ट के अनुसार, बिहार सरकार देश के इस सबसे बड़े गोल्ड रिजर्व के उत्खनन के लिए अनुमति लेने का विचार किया है. बता दें कि भारत में हर साल भारी मात्रा में सोने का आयात किया जाता है. लेकिन, किसी जमाने में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था लेकिन आज देश को सोने की पूर्ति करने के लिए विदेशों से गोल्ड मंगाना पड़ता है.

### सोनीपत में बड़ा हादसा

## फैक्ट्री में बॉयलर फटने से 40 से ज्यादा मजदूर झुलसे, 8 की हालत गंभीर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** सोनीपत, सोनीपत के राई औद्योगिक क्षेत्र में रबर बेल्ट बनाने की फैक्ट्री में अज्ञात कारणों के चलते बॉयलर फट गया. अचानक हुए हादसे के बाद फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारी कुछ समझ पाते, उससे पहले सभी चपेट में आ गए. करीब 40 से ज्यादा कर्मचारी घायल हो गए जिसमें से 8 की हालत गंभीर बनी हुई है. हादसे की सूचना के बाद जिला प्रशासन और सोनीपत डीसी मौके पर पहुंचे. सोनीपत डीसी का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी.सूचना के बाद पहुंचे फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारी फैक्ट्री में आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं. राई औद्योगिक क्षेत्र में सांवरिया एक्सपोर्टस के नाम से फैक्ट्री नंबर 329 में रबर बेल्ट बनाने का काम होता था. आज इस फैक्ट्री में अचानक बॉयलर फट गया. फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों के अलावा पास वाली फैक्ट्री के कर्मचारी भी बॉयलर की चपेट में आए. एक महिला और 40 अन्य मजदूर झुलस गए हैं, जिनमें से आठ की हालत गंभीर बनी हुई है.हादसे की सूचना के बाद आसपास के लोगों की सहायता से पुलिस ने सभी घायलों को सोनीपत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया. सोनीपत के निजी अस्पताल और आठ मजदूरों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है. अन्य का सोनीपत सिविल अस्पताल और निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. काम कर रहे मजदूरों के साथी ने बताया कि फैक्ट्री में अचानक ब्लास्ट हुआ था.

# पवन सिंह और खेसारी लाल यादव की चुनावी सभा में बेकाबू हुई भीड़, समर्थकों ने तोड़ी सैकड़ों कुर्सियां



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
रोहतास, काराकाट से निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ने वाले पावर स्टार पवन सिंह का चुनाव प्रचार करने पहुंचे खेसारी लाल यादव ने वहां की जनता से अपने बड़े भाई के लिए वोट मांगा। मंच पर एक साथ दो-दो भोजपुरी फिल्मों के स्टार को देखकर फैंस काफी खुश हुए। खेसारी लाल यादव ने अपने फैंस को फ्लाइंग किस भी किया। उन्होंने मंच से कहा कि अगर हमनी के नेता यदि काम करी तो हमनी के आवे के जरूरत परी का...पवन सिंह गरीबों की आवाज हैं आप सबके राजा हैं। पवन भईया से हमने भी सीखा है कि संघर्ष कैसे किया जाता है। खेसारी लाल यादव ने काराकाट की जनता से पवन सिंह के लिए वोट मांगा। इस दौरान भोजपुरी सिनेमा के एक नहीं दो-दो सुपर स्टार को देखने के लिए समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ गयी। भीड़ इतनी बेकाबू हो गयी कि समर्थकों ने सैकड़ों कुर्सियों को तोड़ दिया। यही नहीं, बैरिकेडिंग को भी तोड़कर मंच के पास पहुंच गये। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका सीधा मुकाबला एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा से है। वही, महागठबंधन से राजा राम सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। काराकाट सीट से चुनाव लड़ रहे तमाम उम्मीदवार इन दिनों प्रचार में लगे हैं। क्योंकि अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होने वाला है। इसी क्रम में निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह भी चुनाव प्रचार में लगे हैं। काराकाट के बिक्रमगंज स्थित इंटर कॉलेज मैदान में पवन सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने भोजपुरी के चर्चित अभिनेता व सिंगर खेसारी लाल यादव पहुंचे। जहां उन्होंने बड़े भाई पवन सिंह के लिए लोगों से वोट मांगा। पवन सिंह की चुनावी रैली में खेसारी लाल के आने की खबर मिलते ही भारी संख्या में लोग पहुंच गये। भीड़ इतनी थी कि खड़े होने तक की भी जगह नहीं थी। लोग मंच पर ही डांस करने लगे और पवन भईया जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। यही नहीं, पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के समर्थक कार के ऊपर भी चढ़ गये। सभास्थल में भीड़ अचानक इतनी हो गयी कि इसे कंट्रोल कर पाना भी मुश्किल हो गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ इतनी अधिक हो गई कि लोग बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के पास पहुंच गये। इस दौरान सभास्थल पर लगी कुर्सियां भी टूट गई। यही नहीं, पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के फैंस मंच पर भी चढ़ गये। इस दौरान मंच पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान समर्थकों ने पवन सिंह और खेसारी लाल यादव को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। पवन सिंह ने बताया कि आज ऐसी क्या नौबत आ गयी है कि हम कलाकारों को राजनीति में आना पड़ रहा है। इसका कारण यह है कि नेताओं ने जब बढ़िया काम नहीं किया, तब अभिनेताओं को राजनीति में आना पड़ रहा है। आज जब नेताओं से लोगों का मन उचट गया तो हम लोग जैसे गायक और अभिनेता सामने आ रहे हैं और जनता उन्हें पसंद कर रही है। अभिनेता खेसारी लाल यादव ने पवन सिंह को अपना बड़ा भाई बताते हुए पवन सिंह के संघर्ष की प्रशंसा की और कहा कि पवन सिंह शुरू से मददगार रहे हैं और जरूरतमंदों की काफी मदद किये हैं। यही जज्बा काराकाट के लोगों को भा रहा है। पवन सिंह ने भी खेसारी लाल यादव का जोरदार स्वागत किया।

### हर्ष राज मर्डर मामले में PU का बड़ा फैसला

## कहा - यूनिवर्सिटी से बाहर होंगे सभी आरोपी छात्र, आज से बंद होंगे सभी हॉस्टल

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
पटना, पटना विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज में छात्र हर्ष राज की हत्या करने के मामले में अब विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लंबे समय के उपरांत बड़ा फैसला लिया गया है। पटना विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि छात्र हर्ष राज की हत्या करने के मामले में आरोपी सभी छात्रों को विश्वविद्यालय से निष्कासित किया जाएगा। मतलब हत्या के आरोपी जितने भी छात्र हैं उन्हें कॉलेज और यूनिवर्सिटी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के तरफ से यह कार्रवाई पुलिस टीम के तरफ से तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार की जाएगी। हालांकि, इसके पहले छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का मौका जरूर दिया जाएगा। दरअसल, पटना यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर प्रो. रजनीश कुमार ने बताया कि यह बड़ी घटना है। अगर अब छात्रों पर कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति भयावह हो जाएगी। ऐसे में विश्वविद्यालय ने हत्या में आरोपित छात्रों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। उन्हें नियम के तहत निष्कासित किया जाएगा। किसी भी सूरत में दोषियों पर कार्रवाई होगी। अभी नए सत्र की शुरुआत होने वाली है। ऐसी स्थिति में विधि-व्यवस्था को नियंत्रित करना जरूरी है। वहीं, बीएन कॉलेज के छात्र की हत्या मामले में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को कुलपति, डीएम व एसएसपी को राजभवन बुला इस मामले में विस्तृत जानकारी ली। दोषियों पर सख्त कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही बुधवार से सभी हॉस्टल को बंद करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने छात्रावासों में अराजकता फैलाने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई को कहा है। इसके साथ ही कुलाधिपति ने कहा कि ऐसे शरारती एवं अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित किया जाए। इस बीच, पटना विश्वविद्यालय ने गर्मी की छुट्टी को देखते हुए एक जून से सभी छात्रावास को बंद करने का फैसला किया। सभी छात्रों को एक जून के पहले छात्रावास खाली करने का आदेश दिया गया है। सभी अधीक्षक को छात्रावास खाली कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा तो छात्रावास को खोलना है या बंद रखना है।

आपको मालूम हो कि, पटना के लॉ कॉलेज परिसर में सोमवार को परीक्षा देकर निकले छात्र हर्ष राज की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस हत्याकांड के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी चंदन यादव को मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसने बताया कि 8 महीने पहले डांडिया नाइट में हुए विवाद को लेकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया। चंदन यादव बीए फाइनल ईयर का छात्र है और जैक्सन हॉस्टल में रहता है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

## हर्ष राज हत्याकांड में राज्यपाल का एक्शन

### VC, DM और SSP को किया तलब, मांगी रिपोर्ट

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ।** SPG बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की पटना लॉ कॉलेज परिसर में हुई हत्या मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है. राज्यपाल ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति , पटना के डीएम और पटना के एसएसपी को राजभवन में बुलाकर विस्तृत जानकारी ली है. साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का निर्देश दिया है. राज्यपाल ने छात्रावास में अराजकता फैलाने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. राज्यपाल ने कहा कि ऐसे शरारती और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए और इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर पुलिस को तत्काल सूचित किया जाए. उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने और छात्रावासों को अराजक तत्वों से मुक्त करने के लिए प्रशासन पुलिस प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रशासन को आपस में मिलकर प्रभावी कार्य योजना बनाने का निर्देश भी दिया है.

## पटना से भोजपुरी गायक संतोष रेणु गिरफ्तार

### छपरा गोलीकांड पर दिया था विवादित बयान



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, पटना से भोजपुरी गायक संतोष रेणु को छपरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संतोष ने सोशल मीडिया पर छपरा गोलीकांड को लेकर विवादित बयान दिया था। तब से पुलिस को इसकी तलाश थी। पुलिस संतोष को गिरफ्तार करके छपरा ले गई है। संतोष रेणु यादव भोजपुरी गायक है। जो आरजेडी से जुड़ा हुआ है। छपरा पुलिस ने पटना पुलिस की मदद से सिपारा 70 फीट स्थित घर से उसे गिरफ्तार किया है।

## बेगूसराय सदर अस्पताल से 2 दलाल गिरफ्तार

### 20 हजार में मरीज को ठीक करने का ले रहा था ठेका



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**
बेगुसराई, दुनियां में हरेक चीज की खरीद और बिक्री होती है लेकिन आज हम आपको एक ऐसे मामले से अवगत करा रहे हैं जिसे जानकर आप भी आश्चर्यचकित हो जाएंगे और सोचने को मजबूर हो जाएंगे कि क्या मरीज की भी खरीदारी संभव है? क्या नामचीन निजी अस्पतालों की आड़ में मरीजों की मंडी सजती है? यह हम नहीं कह रहे बल्कि बेगूसराय सदर अस्पताल में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसने प्रशासनिक और स्वास्थ्य महकमा के साथ-साथ आम लोगों को भी हिला कर रख दिया है। अब कई ऐसे सवाल भी खड़े हो रहे हैं जो अस्पताल प्रबंधन को कटघरे में खड़ा रहा है। दरअसल पूरा मामला बेगूसराय सदर अस्पताल का है, जहां मरीजों की दलाली करते दो शख्स को रंगेहाथ पकड़ा गया है। अस्पताल प्रबंधन ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। लेकिन अब यहां सवाल उठने लगा है कि क्या लंबे समय से सदर अस्पताल में मरीजों की दलाली की जा रही थी और अगर हां तो स्वास्थ्य विभाग कहां था? सवाल यह भी उठता है कि मरीजों की जिंदगी को नीलाम करने वाले निजी अस्पतालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? क्या भोले-भाले मरीज को सिर्फ एडमिट कर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा अपना पल्ला झाड़ लिया जाता है? सवाल कई है जिनका जवाब स्वास्थ्य विभाग को देना पड़ेगा।

दरअसल पूरा मामला बेगूसराय सदर अस्पताल से जुड़ा हुआ है। जहां अस्पताल की लापरवाही एवं निजी क्लिनिकों का गड़बड़ झाला उस वक्त सामने आ गया जब साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के एक मरीज बजरंगी शाह एवं उसके परिजनों को एक निजी अस्पताल के दलाल के द्वारा सदर अस्पताल से छुट्टी करा निजी अस्पताल में भर्ती करने का प्रयास किया गया। मरीज की पहचान साहेबपुर कमाल के रहने वाले बजरंगी शाह के रूप में की गई। परिजनों ने बताया की दो युवक उनके पास पहुंचे और कहने वालों की 15 से 20 हजार में मरीज को ठीक करा दिया जाएगा और सदर अस्पताल में मरीज की जिंदगी खतरे में है। यह कहकर मरीज के परिजनों को अपने प्रभाव में लेने की कोशिश की गई। इतना ही नहीं आनन फानन में ही दलालों के द्वारा सरकारी रजिस्टर में भी छेड़छाड़ की गई तथा एंबुलेंस भी बुला लिया गया। लेकिन समय रहते मरीज के परिजनों को शक हुआ और उन्होंने आईसीयू के इंचार्ज से इसकी शिकायत की। तत्पश्चात आईसीयू के इंचार्ज ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाकर दोनों युवक को पकड़ लिया तथा उसे अस्पताल प्रबंधक के हवाले कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बजरंगी शाह ब्लड प्रेशर की बीमारी से पीड़ित है और उन्हें कल ही सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वही जब आरोपी स्वास्थ्य कर्मियों के कब्जे में आए तब उन्होंने अपनी गलती भी स्वीकार की तथा एक निजी अस्पताल का नाम लेकर उन्होंने कहा कि तकरीबन 15 दिनों से उन लोगों के द्वारा मरीज को बहला फुसला कर एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया जा रहा है और इसके लिए उन्हें अस्पताल प्रबंधन की ओर से एक सुरक्षित राशि भी दी जाती है । हालांकि इस दौरान गिरफ्त में आए दोनों युवक एक दूसरे पर दोषारोपण भी करते रहे । वहीं बेगूसराय सदर अस्पताल के सिविल सर्जन ने भी इस बात को मना है कि कुछ अस्पतालों एवं निजी अस्पताल के दलालों के द्वारा सदर अस्पताल में इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि उन्होंने इस बात से इनकार किया की लंबे समय से ऐसी घटनाएं सामने नहीं आई हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला मामला है जो अस्पताल के संज्ञान में आया है और इसके लिए उचित कार्रवाई भी की जा रही है। जो भी दोषी होंगे उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा लिखित शिकायत थाने को दी जा रही है।

मामला चाहे जो भी हो लेकिन जिस तरह से सदर अस्पताल में यह गड़बड़ झाला सामने आया है वह इस बात का संकेत दे रहा है कि सदर अस्पताल में आम मरीजों की जिंदगी सुरक्षित नहीं है और ठगी के शिकार होने के साथ-साथ मरिज अपनी जिंदगी भी इन दलालों के चक्कर में कब खो देंगे यह कहना मुश्किल है।

## जंक्शन के रूप में तैयार होगा ECR का यह रेलवे स्टेशन

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पटना, पूर्व मध्य रेलवे का तरफ से बड़ा फैसला लिया गया। पूर्व मध्य रेलवे के जीएम की तरफ से लिया गया है। उन्होंने निर्णय लिया है कि जटडुमरी रेलवे स्टेशन अब जंक्शन में तब्दील होगा। दरअसल, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने मंगलवार को दानापुर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। वही, पटना-गया रेलखंड के नवनिर्मित जटडुमरी स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि इसी स्टेशन से नेउरा-दनियावां व पटना-गया रेललाइन पास कर रही है। इसलिए जटडुमरी स्टेशन जंक्शन के रूप में विकसित किया जाएगा इसके अलावा उन्होंने यहां उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में महाप्रबंधक तारेगना और जहानाबाद स्टेशन भी गए। जहां उन्होंने प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े समस्त व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद महाप्रबंधक द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के इसमाइलपुर और रफीगंज स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने प्लेटफार्म, स्टेशन भवन, रिले रूम, पैनल रूम के साथ-साथ यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया।